प्रजातियों का अनदेखा विलोप

इलिनॉय विश्वविद्यालय के पुराजीव वैज्ञानिक रॉय प्लॉटनिक एक अजीब विचार पर काम कर रहे हैं। आज हम जीवाश्म रिकॉर्ड के आधार पर जान पाते हैं कि कौन-सी प्रजातियां अतीत में पृथ्वी पर विचरती थीं और कभी विलुप्त हो गईं। प्लॉटनिक सोचने में लगे हैं कि आज जितनी प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, उनमें से कितनी भविष्य में जीवाश्म रिकॉर्ड में नज़र आएंगी।

जब कोई जीव मरता है तो कभी-कभी परिस्थितियां ऐसी होती हैं कि उसका शरीर सड़-गलकर पूरी तरह खत्म नहीं होता बल्कि अपनी कुछ छाप छोड़ जाता है। इस छाप को जीवाश्म कहते हैं। यह छाप कई रूपों में हो सकती है।

प्लॉटनिक के मुताबिक हम इस वक्त प्रजातियों के छठे विलोप के युग में जी रहे हैं। यानी इससे पहले पांच बार प्रजातियों का महा-विलोप हो चुका है। प्लॉटनिक ने अपना अध्ययन अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट के आधार पर किया है। यह रेड लिस्ट बताती है कि इस वक्त किन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा साफ नज़र आ रहा है। इस लिस्ट में से भी उन्होंने सिर्फ स्तनधारियों पर ध्यान केंद्रित किया। सूची में 715 स्तनधारी शामिल हैं।

प्लॉटनिक ने पाया कि इन 715 प्रजातियों में से मात्र 90 यानी 13 प्रतिशत ही जीवाश्म रिकॉर्ड में नज़र आती हैं। इसका मतलब है कि शेष प्रजातियां बगैर कोई निशान छोड़े दुनिया से विदा हो रही हैं।

जब उनसे पूछा गया कि वे जीवाश्म रिकॉर्ड की इतनी चिंता क्यों कर रहे हैं, जबकि आजकल हम सारी प्रजातियों का इतना अच्छा रिकॉर्ड रखते हैं, तो उनका कहना था कि इंसानों द्वारा रखे जाने वाले रिकॉर्ड बहुत विश्वसनीय नहीं हैं। जैसे, उन्होंने पूछा कि आज फ्लॉपी डिस्क को कितने लोग पढ़ सकते हैं। उनके विचार में चट्टानों में बनी छाप कहीं अधिक मज़बूत और भरोसेमंद होती है। ***(स्रोत फीचर्स)***

इस अंक के चित्र निम्नलिखित स्थानों से लिए गए हैं -

page 04 - http://4.bp.blogspot.com/-D3T-g90YLxQ/VDONYmPbnWI/AAAAAAAAFG8/tgyS7jcvzHY/s1600/Final-Swachh-bharat-MIB-Google%2B-Coverpage.jpg
page 09 - http://www.moody.af.mil/shared/media/photodb/photos/110307-F-PO994-001.jpg
page 16 - http://agritech.tnau.ac.in/agriculture/CropProduction/Sugarcrops/sugarcrops_sugarcane_clip_image006_0002.jpg
page 18 - http://img2.wikia.nocookie.net/__cb20100721015809/inception/images/0/03/PASIV_Device_Infobox.png
page 19 - http://4.bp.blogspot.com/-1dd5WVWn4g8/ThO76tryIKI/AAAAAAAALZ4/Ef5ZGIetzAU/s640/photo_368430_resize.jpg
page 25 - http://bioweb.uwlax.edu/bio203/2011/williams_spen/honey%20bee%202.JPG
page 34 - http://etelangana.org/uploads/news/2014-10-17_180721_farmers-suicide.jpg
page 36 - http://school.gachaska.org/SF/wp-content/uploads/2012/02/flipcoin.jpg